विद्या सवर्थि साधिका

आनन्दालय

साप्ताहिक परीक्षा–3

कक्षा : VI

विषय : हिन्दी | पूर्णांक : 20

दिनांक : 27□10□2015 | समय : 1 घंटा

निर्देश :– (i) लिखावट सुंदर और स्पष्ट होनी चाहिए।

(ii) उत्तर लिखने से पूर्व, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखिए।

1. निर्देशानुसार उत्तर दीजिए :–

(क) उचित शब्दों में नुक्ता लगाकर पुनः लिखें :– **1**

आदमी ,जहर, तकदीर, बाजार

(ख) रेखांकित शब्दों का लिंग बदलकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए:– **2**

(i) नदी किनारे **बाघ** और .... विश्राम कर रहे हैं।

(ii) **कवि** सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' जी ने ....महादेवी वर्मा की कविताएँ पढ़ीं।

(iii) गुरूजी ने **शिष्य** .... को अच्छे काम करने के लिए प्रोत्साहित किया।

(iv) **माली,** .... बगीचे की देख भाल करते हैं।

(ग) **पक्षी** और **घोड़ा** शब्द के दो–दो पर्यायवाची शब्द लिखिए। **2**

2. किसी **एक विषय** पर लगभग 40–50 शब्दों में मुख्य बिंदुओं की सहायता से अनुच्छेद लिखिए – **5**

(क)**'कलम' की आत्मकथा**

- प्रस्तावना
- मेरा जन्म
- मेरा उपयोग
- उपसंहार

(ख)**'मेरा प्रिय त्योहार'**

– प्रस्तावना
– त्योहार का महत्त्व
– त्योहार का आयोजन
– उपसंहार

3. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिएः–

लोकगीत अपनी लोच, ताज़गी और लोकप्रियता में शास्त्रीय संगीत से भिन्न हैं। लोकगीत सीधे जनता के संगीत हैं। घर, गाँव और नगर की जनता के गीत हैं ये। इनके लिए साधना की ज़रूरत नहीं होती। त्योहारों और विशेष अवसरों पर ये गाए जाते हैं। सदा से ये गाए जाते रहे हैं और इनके रचनेवाले भी अधिकतर गाँव के लोग ही हैं। स्त्रियों ने भी इनकी रचना में विशेष भाग लिया है। ये गीत बाजों की मदद के बिना ही या साधारण ढोलक, झाँझ, करताल, बाँसुरी आदि की मदद से गाए जाते हैं ?

(क) त्योहारों तथा विशेष अवसरों पर कौन से गीत गाने का चलन है ? **1**

(ख) लोकगीत किस कारण शास्त्रीय संगीत से भिन्न होते हैं ? **2**

(ग) लोकगीतों को रचने वाले कहाँ रहते हैं और कौन से वाद्य–यंत्रों की मदद से लोक गीत गाते हैं ? **2**

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए– **1**

(क) 'पर्नकुटी' किसने और कहाँ बनवाई ?

2

(ख) पिता जी ने मोहन के दर्द के विषय में डॉक्टर से क्या कहा और उसने जाँच के बाद क्या बीमारी बताई ? (25 से 30 शब्दों में)

(ग) भगवान राम ने अपने पिता की आज्ञा का पालन किया और वन में चले गए। क्या आप अपने माता–पिता की हर बात मानते हैं ? अगर हाँ तो कोई घटना लिखिए जिससे लाभ हुआ हो। यदि नहीं तो कोई भी घटना लिखिए जिससे हानि हुई हो। (25 से 30 शब्दों में) **2**